झारखंड का हिंदी-खोरठा पाक्षिक पत्र

झार न्यूज

आपन माटी आपन देश

राँची, बुधवार
16 से 31 अगस्त 2022
पेज : 06, मूल्य : निःशुल्क
वर्ष : 01, अंक : 04
झारखंड संस्करण
UDYAM-JH-19-0000800

khorthajharnews@gmail.com

डिजिटल संस्करण



"मैं भी तो मासूम हूँ"

मैं जिंदा हूँ, मुझे जी लेने दो : पीड़िता

मुझे क्यों सताते हो ?

संवाददाता,राँची

"मैं भी तो मासूम हूँ, फिर मुझे क्यों सताते हो ? प्रेम की वीरहाग्नी में तुम जलते हो, तो फिर मुझपर एसिड क्यों गिराते हो? फिलहाल मेरा इलाज चल रहा है। मुझे ठीक होने दो, मैं अभी जिंदा हूँ, मुझे जी लेने दो।" ये शब्द झारखंड की राजधानी राँची के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स से निकलकर सामने आए हैं। जहाँ एक पीड़िता अपने साथ हुए अन्याय की कहानी को अपने शब्दों में बयां कर रही है।



यह आवाज किसी सामान्य मरीज की नहीं, बल्कि रिम्स में भर्ती 17 साल के काजल की है। चतरा जिला के हंटरगंज थाना क्षेत्र के डाहा पंचायत अंतर्गत ढेबो गांव निवासी काजल इन दिनों रिम्स में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। काजल के भाई के मुताबिक 04 अगस्त की रात अपराधी ने घर में घुसकर काजल के शरीर पर तेजाब उड़ेल दिया। इस घटना में काजल की माँ देवन्ती देवी भी घायल हुई हैं। दरअसल मामला एक तरफा प्यार का बताया जा रहा है और आरोप पास के गाँव में रहने वाले संदीप भारती पर लगा है। संदीप पर आरोप है कि वह काजल को शादी के लिए उकसा रहा था। लेकिन जब काजल ने मना कर दिया, तो संदीप ने काजल के घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। इस घटना ने न सिर्फ समाज को शर्मसार किया है, बल्कि पूरे देशभर के नागरिकों को झकझोर कर रख दिया है।

मैं ठीक हो जाऊँगी, तो आगे की पढ़ाई पूरी करूँगी : सुनीता

"उसने मुझे लोहे से मारा, पूरे शरीर में चोट के निशान हो गए, बीस दिनों तक घर में बंद रही, यातनाएँ सहती रही, आयुष्मान भैया के सहयोग से मेरी जान बची। अगर मैं ठीक हो जाऊँगी, तो आगे की पढ़ाई पूरी करूँगी।" ये शब्द भी झारखंड की राजधानी रांची स्थित रिम्स के सर्जरी वार्ड से सामने आए हैं। जहाँ गुमला के डुमरी प्रखंड स्थित सिकरी अंबा टोली निवासी सुनीता खाखा जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। राजधानी का रिहायसी इलाका कहे जाने वाले अशोक नगर से दरिंदगी की दानवता सामने आयी है। पूर्व आईएएस महेश्वर पात्रा की पत्नी सीमा पात्रा पर सुनीता को प्रताड़ित करने का आरोप लगा है। सीमा पूर्व में भाजपा नेत्री भी थी, लेकिन इस घटना के बाद पार्टी से निष्कासित कर दी गयी हैं और उनके खिलाफ अरोगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है। सुनीता खाखा एक आदिवासी परिवार से आती हैं, इसलिए सीमा के खिलाफ एसटी–एससी एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

प्रताड़ना की शिकार हुई सुनीता स्पष्ट बोल नहीं पा रही। यातनाओं से कराहती सुनीता चीख कर रो भी नहीं पा रही। अस्पताल के बेड पर लेट कर आपबीती सुनाती सुनीता की आँखों से आँसूओं के बूँद टपक पड़ते हैं। जिंदगी में आगे बढ़ने की उम्मीद लिए सुनिता अस्पताल के बेड पर अभी भी जिंदा है, हर पल वो बस इतना ही कहती है 'मैं ठीक हो जाऊँगी, तो आगे की पढ़ाई पूरी करूँगी।' इसी उम्मीद के साथ हर पल सुनीता अपनी साँसे गिन रही है और खुद को संभाल कर स्वस्थ होने का प्रयास कर रही है। इसके अलावा वो कहती हैं कि आयुष्मान भैया की वजह से ही वो जिंदा है। ये आयुष्मान और कोई नहीं, बल्कि आरोपी सीमा पात्रा के सुपुत्र हैं। जिन्होंने सुनीता की जान बचाई है।

हालांकि इस मामले में अरगोड़ा पुलिस और महिला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोप सीमा पात्रा को उनके अशोक नगर स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया है।

जैसे उसके लिए हम मर रहे हैं, वैसी ही सजा उसे भी हो : अंकिता

23 अगस्त की उस रात को अंकिता के परिजन शायद ही भूल पाएंगे, जब खिड़की के बाहर से अंकिता के कमरे में शाहरूख नामक शख्स ने छोटू के साथ मिलकर पेट्रोल फेंककर आग लगा दी थी। ये हम नहीं कह रहे, बल्कि रिम्स में अंतिम साँस लेने से पहले गुमला के जेरुआडीह की बेटी अंकिता सिंह ने कहा था। अंकिता ने अपने बयान में यह भी कहा था कि जिस तरह से वो शाहरूख के लिए मर रही है, वैसी ही सजा शाहरूख को भी हो।

इस वारदात की जितनी भी निंदा की जाए, वो कम होगी। क्योंकि अंकिता के बेडरूम की तस्वीरें देखते ही कलेजा छलनी हो जाता है। बेड पर पड़ी काली चादर या फिर पूरा बेड जला हुआ नजर आ रहा है। इससे इसका अंदाजा तो सहज ही लगाया जा सकता है कि अंकिता को कितनी तकलीफ हुई होगी, क्योंकि हम थोड़ा–सा जलते हैं, तो वो असहनीय हो जाता है। यहाँ तो अंकिता के पूरे शरीर को जला दिया गया। सोचिए अंकिता पर क्या गुजरी होगी और रिम्स में अंतिम सांसें गिनते समय अंकिता ने सिर्फ यही कहा कि जो उसपर गुजर रहा है, वैसा ही उसके इस वारदात को अंजाम देने वाले के साथ भी हो। 16 साल की अंकिता जिस शाहरुख का नाम ले रही है, उसपर आरोप है कि वो अंकिता को शादी के लिए परेशान किया करता था, लेकिन शादी के लिए मना करने के बाद शाहरुख ने छोटू के साथ इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन सवाल ये उठता है कि **ऐसे वारदात आखिर कब तक?**

जागरूकता के अभाव में हो रहे वारदात

समाज के लोग अक्सर ऐसे मामले को राजनीतिक परिदृश्य से जोड़कर देखते हैं। लेकिन हकीकत इससे परे नजर आती है। जो कि पूरी तरह इंसान के दिमाग और उसकी मानसिक क्षमता पर निर्भर करती है। एक ओर लोग इसका मुख्य कारण समाज में शिक्षा का अभाव बताते हैं, वहीं एक शिक्षित वर्ग जब ऐसी घटनाओं को अंजाम देता है, तो उसे मानसिक विकृति या फिर रूढिवादी सोच का नतीजा कहा जा सकता है। भारत को आजाद हुए 75 साल हो चुके हैं, लेकिन चंद लोग आज भी मानसिक रूप से गुलाम बने हुए हैं। जिसका नतीजा है कि हम सभ्य समाज में ऐसी घटनाओं को देख रहे हैं।

राज्य का शासन

राज्य के शांति व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी शासकों की होती हैं। जिन्हें लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रणाली के जरिए राज्य की जनता ने अपना सिरमौर बनाया है। राज्य की जनता इन्हीं शासकों को अपना अभिभावक और मार्गदर्शक मानती है। इसलिए शासकों का पहला कर्तव्य राज्य के नागरिकों की रक्षा और सुरक्षा होनी चाहिए। अपराध और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सफल रणनीतियां बनायी जानी चाहिए। केवल महिला हेल्पलाइन 181 की स्थापना भर से समाज में जागरूकता नहीं फैलेगी, बल्कि राहत और सहायता उपलब्ध कराने वाले ऐसे हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में ग्रामीण स्तर तक जागरूकता अभियान चलानी होगी।

लॉ एंड ऑर्डर

हर राज्य में कानून व्यवस्था होती है। पुलिस सेवा में लगे कर्मचारियों का यह दायित्व बनता है कि वे अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले क्षेत्रों में समय–समय पर जागरूकता अभियान चलाएं। अधिक से अधिक लोगों को सकारात्मक कामों से जोड़ें। विभागीय सहायता संपर्क सूत्र के संबंध में ग्राम स्तर पर जानकारी दें। ताकि जो आपराधिक घटनाएं समाज में घट रही हैं, उनपर अंकुश लग सके और राज्यवासी दिन हो या रात, हर वक्त चौन की सांस ले सकें।

महंगाई छीन रही लोगों की मुस्कुराहट

आलोक मिश्र,संवाददाता

रांची : मनुष्य को जीवन–यापन के लिए मुख्य रूप से तीन मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ती करनी होती हैं। जो कि रोटी, कपड़ा और मकान है। भारतवर्ष के जनसंख्या के मुताबिक इन तीनों आवश्यकताओं की पूर्ति शत प्रतिशत नहीं हो पाती है। लोगों को दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए अलग–अलग तरकीब लगाने पड़ रहे हैं। कोई

फुटपाथ पर ठेला लगा रहे हैं, तो कोई शिक्षक की भूमिका में नजर आ रहे हैं, कोई दफ्तरों में हाजिरी लगा रहे हैं, तो कोई दुकान में बैठकर चावल, दाल और आटा बेचते नजर आ रहे हैं। क्योंकि उन्हें अपने और अपने परिवार के पेट की चिंता है, उन्हें खुद को और परिजनों को सुरक्षित परिवेश देना है। इसलिए दिन–रात मेहनत कर दो रुपए कमाते हैं। लेकिन महंगाई ने लोगों को इस कदर अपने आगोश में जकड़ रखा है, मानो किसी दुश्मन से कम नहीं।

मूल्य वृद्धि या महंगाई सबसे बड़ी आर्थिक समस्या है। जो कि सीधे तौर पर घर के बजट को बिगाड़ने का काम करती है। इस पर यह कहावत बिल्कुल सटिक बैठता है– 'आमदनी अट्ठनी,खर्चा रुपैया'। याने कि हमारी आमदनी पूर्व की तरह सीमित है। लेकिन सरकार बार–बार ऐसे हथकंडे अपना रही है, जिससे आय से अधिक व्यय हो रहा है, कुछ लोगों की स्थिति ऐसी हो गयी है कि कर्ज लेकर घर चलाना पड़ रहा है। क्योंकि लोगों को केवल महंगाई ने नहीं मारा, बल्कि वैश्विक महामारी कोरोना ने भी लोगों की कमर तोड़ दी है।

महंगाई बनी घरेलू कलह का कारण

एक परिवार में कम से कम चार लोग निवास करते हैं। चलिए मान लेते हैं कि उस परिवार का मासिक आय महज 15 हजार रुपए है। घर में कमाने वाला सदस्य सिर्फ एक, जो कि किसी छोटे से शहर में किराए के मकान में निवास करते हैं। उन्हें सबसे पहले रोटी की आवश्यकता होती है, एक माह के राशन की बात करें, तो प्रति व्यक्ति कम से कम एक हजार रुपए पड़ेगा। कुल मिलाकर चार हजार रुपए सिर्फ खाद्यान्न पदार्थ के, मकान का किराया ढाई हजार रुपए, बच्चों के स्कूल किट में तीन हजार रुपए, कपड़े में कम से कम दो हजार रुपए खर्च, ईलाज में दो हजार रुपए खर्च, फल–फूल में दो हजार रुपए खर्च। इन सभी का योग पंद्रह हजार, पांच सौ रुपए है। इसका साफ अर्थ है कि चादर से अधिक लोगों को पांव पसारने की नौबत आ गयी है। जिसके कारण घरेलू कलह होना लाजमी है। बाकी घरेलू कलह का परिणाम तो आप जानते ही हैं।

भारत की आर्थिक नीतियों की विफलता

बढ़ती हुई महंगाई भारत सरकार की आर्थिक नीतियों की विफलता का परिणाम है। प्रकृति के रोष और प्रकोप का फल नहीं, शासकों की बदनीयती और बद इंतजामी की मुँह बोलती तस्वीर है। काला धन, तस्करी और जमाखोरी महंगाई वृद्धि के परम मित्र हैं। तस्कर खुले आम व्यापार कर रहे हैं। काला धन जीवन का अनिवार्य अंग बन चुका है। काले धन की गिरफ्त में देश के बड़े नेताओं से लेकर उद्योगपति और अधिकारी तक शामिल हैं। काले धन का सबसे बुरा असर मुद्रास्फीति और रोजगार के अवसरों पर पड़ता है। यह उत्पादन और रोजगार की संभावना को कम कर देता है और दाम बढ़ा देता ।

बढ़ती महंगाई के प्रमुख कारण

महंगाई वृद्धि के अनेक कारणों में आर्थिक कारण मुख्य है। आर्थिक कारणों के साथ–साथ राजनीतिक, सामाजिक तथा प्रशासनिक कारण भी महंगाई बढ़ाने में सहायक नजर आ रहे हैं। जो इस प्रकार हैं –

1. सार्वजनिक और निजी क्षेत्र दोनों ही महंगाई बढ़ाने में लगे हुए हैं। कुछ अपवादों को छोड़कर सार्वजनिक क्षेत्र में सभी उपक्रम घाटे में चल रहे हैं, जिसके कारण उत्पादन प्रभावित हो है और मूल्यवृद्धि हो रही है। निजी क्षेत्र निरन्तर घाटे की बात कहकर लाभ कमाने में लगे हैं, जिससे महंगाई बढ़ती जा रही है।
2. जनसंख्या वृद्धि भी महंगाई बढ़ने का मुख्य कारण है। जितनी तेजी से जनसंख्या बढ़ती है, वस्तुओं का उत्पादन तथा सेवाओं के अवसर उतनी तेजी से नहीं बढ़ते। परिणामस्वरूप माँग की अपेक्षा आपूर्ति कम होने से मूल्य वृद्धि हो रही है।
3. लोकतंत्र में सबसे अधिक जरूरी वोट लेना है और लेकिन कई उम्मीदवार ऐसी हैं, जो नोट पर वोट खरीदने की कोशिश करती नजर आती हैं। किसी भी दल की सरकार बने, उसे पूँजीपतियों के व्यापारिक हितों का ध्यान रखना पड़ता है और पूँजीपति तब राजनीतिक दलों को दिए चन्दे के बदले मूल्य बढ़ाते हैं, तब सरकार अनदेखी करती है। इस तरह से राजनीतिक चन्दों के कारण भी मूल्यवृद्धि हो रही है।
4. कृषि उपज के लागत व्यय में वृद्धि होने से भी महंगाई बढ़ती है। कृषि के काम आने वाली वस्तुओं जैसे बीज, खाद, उर्वरक, कृषि यन्त्र आदि में मूल्यवृद्धि हुई है। जिससे कृषि उपज की लागत बढ़ी है। भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहाँ अधिकांश वस्तुओं का मूल्य कृषि पदार्थों के मूल्य पर निर्भर करता है। इसलिए कृषि जन्य पदार्थों के मूल्य बढ़ने से अन्य वस्तुओं के भी दाम बढ़े हैं।
5. जमाखोरी मूल्य वृद्धि का मूल कारण है। केवल व्यापारी ही नहीं, जमींदार एवं मध्यम वर्ग के किसान भी कृषि उपज को गोदामों में भरकर रखने लगे हैं, जिससे मूल्यवृद्धि हो रही है। त्योहारों के आस–पास ये लोग समान की कीमत मन मुताबिक बढ़ाकर बेचते हैं।
6. मुद्रास्फीति होने पर भी मूल्यवृद्धि होती है। जब प्रचलन में मुद्रा का अधिक प्रसार होता है, तब जो वस्तु पहले एक रुपए में आते थे, वही महंगे दामों में खरीदने पड़ रहे हे।
7. यातायात के समुचित साधनों के अभाव में भी मूल्य बढ़ते जा रहे हैं। यातायात के साधन अपर्याप्त होने पर सामानों का एक स्थान से दूसरे स्थान तक परिवहन नहीं हो पाता और आपूर्ति कम होने पर मूल्य वृद्धि होती है।
8. हड़ताल और 'बन्द' के कारण जब उत्पादन रुक जाता है, तब आपूर्ति प्रभावित होती है। सूखा, बाढ़, भूकम्प, अग्निकांड जैसी दैवीय आपदाओं से और दंगे जैसी मानवजनित विपदाओं से भी सामानों की आपूर्ति बाधित होती है। जिसका सीधा असर उत्पादन मूल्य पर पड़ता है।
9. केन्द्र सरकार की ओर से विभिन्न उत्पादों में वस्तु एवं सेवा कर (ळैज) लगा दिया गया है। जिसके कारण खाद्य साग्रियों से लेकर लिखने तक के सामानों के दाम में बेतहासा बढ़ोतरी हुई है। जिसका सीधा असर आम लोगों पर हुआ है, लोग 40 रुपए प्रति किलोग्राम चावल खरीदने को मजबूर हैं। जिन खाद्य सामग्रियों का दाम महज पांच रुपए हुआ करता था, उन्हें बाजार से सात रुपए देकर खरीदना पड़ रहा है।

महंगाई रोकने के उपाय

महंगाई को रोकने का कोई मूल मंत्र तो नहीं है, लेकिन कुछ तरीके जरूर अपनाए जा सकते हैं, जिससे लोगों को सहुलियत होगी। मुख्य रूप से सब्जी और फल जैसे उत्पादों को घरों के छत पर या खाली पड़े जगह पर उपजाना होगा। जनसंख्या नियंत्रण पर ध्यान देना होगा, कृषि योग्य भूमि पर सिंचाई के लिए जल की समुचित व्यवस्था करनी होगी। तभी प्रचुर मात्रा में उत्पादन हो पाएगा और लोगों को सस्ते दर पर सामान उपलब्ध हो पाएगा। हालांकि महंगाई को लेकर सिर्फ अपने देश की अर्थव्यवस्था को कोसने से कुछ नहीं होगा। बल्कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य से तुलना करना भी जरूरी है। क्योंकि उत्पादों की मूल्य वृद्धि केवल भारत में ही नहीं हुई है, विदेशों में भी कुछ ऐसा ही हाल है। हालांकि केन्द्र और राज्य सरकार की बेहतर योजनाओं के निर्माण से उत्पादन हो सकता है, भारी मात्रा में उत्पादन होने से उत्पाद मूल्य में कमी आएगी।

'इवेंट एंकरिंग' का बढ़ता क्रेज

आकाश सरोज,
विशेष संपादक

इन दिनों युवाओं पर ऐसे करियर की खुमारी चढ़ी है, जिसपर उन्हें नेम मिले, फेम मिले और इसी चाह के साथ एक ग्लैमरस करियर के सपने देखते हैं. इसी में 'इवेंट एंकरिंग' एक ऐसा करियर है, जो आपको नाम कमाने और खुद की पहचान बनाने में मदद कर सकता है। लेकिन कहा जाता है ना कि इस चकाचौंध वाले कैरियर को दूसरों को देखते हुए ना चुनें। इस कैरियर को अपनाने से पहले करियर की बारीकियां, करियर के भविष्य का आकलन और साथ ही खुद का आकलन भी बहुत जरूरी है। इवेंट एंकरिंग एक ऐसा करियर है, जिसकी कहीं पढ़ाई नहीं होती। यह पूरी तरह से आप पर ही निर्भर है। हालांकि करियर के बढ़ते क्रेज को देखते हुए आज कई कोर्स भी उपलब्ध हैं, जो इस करियर में बेहतर करने के लिए रामबाण साबित हो सकते हैं। उस कोर्स के बारे में हम आगे आपको बताएंगे, लेकिन उससे पहले हम जान लेते हैं कि इवेंट एंकरिंग जैसे करियर को अपनाने से पहले आपके अंदर किन–किन गुणों का होना जरूरी है।

आत्मविश्वास

यह एक ऐसा तीर है, जो अगर आपके पास है, तो कैसी भी कठिन परिस्थिति को आसानी से भेद सकते हैं। मंच पर भी कुछ ऐसा ही है। चूंकि जब आप मंच पर रहेंगे, तब कई सारी नजरें आप पर होंगी। आपको पूरे आत्मविश्वास के साथ कुछ ऐसा करना है कि सारी नजरें आप पर ही टिक जाएं। अगर आपने इतना कर लिया, तो फिर आपको एक अच्छा इवेंट एंकर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

कम्यूनिकेशन स्किल

एक इवेंट एंकर बनने के लिए आपकी कम्यूनिकेशन स्किल मज़बूत होनी चाहिए। बेझिझक बोलने का तरीका और कैमरे के सामने बोलने का साहस होना चाहिए। आपके बोलने का अंदाज कुछ ऐसा होना चाहिए कि लोग खुद ब खुद आपकी ओर आकर्षित हो जाएं।

ये तो थे आपके अंदर की स्किल्स, जिसपर आपको खुद ही काम करना होगा। इसके अलावा हम आपको बाहरी चीजों के बारे में बताएंगे, जो आपको मंच संचालन के दौरान ध्यान रखना जरूरी है।

पर्सनालिटी

एक अच्छी पर्सनालिटी, सबका ध्यान आकर्षित करने पर मजबूर करती है। पर्सनालिटी किसी एक चीज के होने से नहीं बनती। इसमें कई चीजों का समावेश होता है। आपका चेहरा, पहनावा, बोलने का तरीका आदि। मंच पर जैसे ही आपकी एंट्री होती है, आपके दर्शक आपसे बिल्कुल अंजान होते हैं। सबकी निगाहें आप पर टिकी होती है। इस मोबाइल फोन के जमाने में कई कैमरा लेंस का फोकस आप पर होगा। ऐसे में आपको अपनी पर्सनालिटी पर काम करना होगा, ताकि लोगों की नज़रें आप पर से हटे ही ना और लोग आपको सुनना–देखना पसंद करें।

पहनावा

इवेंट कई प्रकार हो सकते हैं, जहां आपको एंकरिंग करनी पड़ सकती है। शादी–पार्टी की एंकरिंग, कॉर्पोरेट एंकरिंग, कल्चरल एंकरिंग, आउटडोर एंकरिंग, इंटरटेनमेंट एंकरिंग, स्पोर्ट्स एंकरिंग आदि। तो इवेंट के हिसाब से ही पहनावा के साथ खुद को तैयार करना होगा। क्योंकि इवेंट के हिसाब से उसी तरह के दर्शक वहां मौजूद होते हैं। अगर आप किसी कल्चरल इवेंट में जा रहे हैं, तो आपको वेस्टर्न ड्रेस पहनने के बजाय कल्चरल ड्रेस ही पहनना चाहिए। अगर आप किसी कॉरपोरेट इवेंट में एंकरिंग करने जा रहे हैं, तो आपको पूरे सूट–बूट में जाना होगा, ना कि कोई कल्चरल ड्रेस पहन कर। इसलिए आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड, मेकअप ट्रेंड के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए।

क्षेत्रीय भाषा की जानकारी

इवेंट एंकरिंग में हिन्दी–अंग्रेज़ी तो ज़रूरी है ही, आपके पास कई क्षेत्रीय भाषाओं का भी ज्ञान होना चाहिए। हम भारत की ही बात करते हैं। भारत में कई राज्य हैं और यहां कई तरह की भाषाएँ बोली जाती हैं। ऐसे में आप किसी भी राज्य में एंकरिंग करने जाएंगे, तो आपको उस राज्य में बोली जाने वाली भाषा की जानकारी होनी चाहिए। क्योंकि वहां दर्शकों में भारी तादाद में लोग उसी भाषा को सुनना पसंद करेंगे। अगर आप उन्हीं की भाषा में एंकरिंग करेंगे, तो दर्शक आपसे अलग सा जुड़ाव महसूस करेंगे।

कैमरा फ्रेंडली होना

आप खुद भी कई ऐसे लोगों को देख सकते हैं, जिनकी कम्यूनिकेशन स्किल बहुत अच्छी है। लेकिन, कैमरा के सामने वो घबरा जाते हैं। इवेंट एंकरिंग अलग है। आज हर किसी के पास स्मार्टफोन है। जब आप किसी इवेंट को होस्ट कर रहे होंगे, सभी स्मार्टफोन के कैमरे का फोकस आप पर होगा। इसलिए आपको कैमरा फ्रेंडली होना जरूरी है। कैमरा ऑन होते ही आपका जोश और भी बढ़ जाना चाहिए, ना कि घबराहट।

नॉलेज

नॉलेज की कोई सीमा नहीं है। अगर आप समसामयिक विषयों पर जानकारी रखने में इंट्रेस्ट रखते हैं, तो एक बेहतर इवेंट एंकर बनने में आपको सहयोग मिलेगा। मंच संचालन के दौरान आप मनोरंजन के साथ–साथ अपने दर्शकों को कई जानकारियां भी दे सकते हैं। इसके लिए आपको किताबें, प्रेस नोट्स, मैगजीन आदि को खुद का दोस्त बनाना होगा।

स्क्रिप्ट राइटिंग

एक इवेंट एंकर को स्क्रिप्ट राइटिंग तो आनी ही चाहिए। क्योंकि मंच पर जाने से पहले आपको इवेंट के हिसाब से तैयारी करनी ही पड़ेगी और इसके लिए आपको स्क्रिप्ट लिखनी पड़ती है। सारी चीजें आप एकाएक मंच पर नहीं बोल सकते। इसके लिए आपको स्क्रिप्ट पहले से तैयार करनी होगी।

शायराना अंदाज

एक इवेंट एंकर को शायराना अंदाज वाला जरूर होना जरूरी है। अगर मंच पर आप इस शायराना अंदाज को बयां करते हैं, तो इसमें कोई दो राय नहीं है कि कैमरे का फोकस आप पर से हटेगा। इसलिए एंकरिंग के बीच में शायरियों के तड़के लगाते रहने चाहिए। ताकि लोगों का जुड़ाव लंबे समय तक बना रहे। अगर आपकी पर्सनालिटी ही शायरों वाली है, तो फिर तो सोने पे सुहागा। नहीं तो इसे आपको पहले से तैयारी करनी पड़ेगी।

टीम वर्क

भले ही आप अकेले किसी इवेंट में दर्शकों को रिझा सकते हों, लेकिन टीम वर्क के महत्व को भी समझना बहुत जरूरी है। हो सकता है आपको कभी दो या तीन लोगों के साथ एंकरिंग करनी पड़ जाए। तो इसके लिए भी आपके अंदर सहयोग और समन्वय की भावना का होना बेहद जरूरी है।

हालांकि इवेंट एंकरिंग के लिए कोई खास कोर्स तो उपलब्ध नहीं है, लेकिन, 'मास कम्यूनिकेशन' एक ऐसा कोर्स है। जिसकी पढ़ाई कर आप कम से कम एंकरिंग की बारीकियों से रुबरू हो सकते हैं। इस कोर्स में आपको एंकरिंग की सारी तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया जाएगा। चूंकि इवेंट एंकरिंग तो एक अलग क्षेत्र हो जाता है, लेकिन मास कम्यूनिकेशन में आप बहुत हद तक टेक्निकल जानकारियां हासिल कर सकते हैं, जो कि मंच पर रामबाण साबित होगा। एंकरिंग के क्षेत्र में बढ़ते क्रेज को देखते हुए आज देश के लगभग हरेक केंद्रीय और राज्य स्तर के विश्वविद्यालयों में इसकी पढ़ाई शुरू हो चुकी है। जहां सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर के साथ–साथ पीएचडी स्तर तक की पढ़ाई उपलब्ध है। तो डर कैसा? अगर आपके अंदर संवाद संप्रेषण और वाचन कौशल की क्षमता, लोगों का ध्यान आकर्षित करने का गुण, लोगों को सुनने–सुनाने का धैर्य, मंच पर जाने के बाद दर्शकों के बीच भाव विभोर का माहौल उत्पन्न करने की क्षमता, अपने शायराना अंदाज से लोगों को हंसाने की क्षमता आदि है, तो आप एक इवेंट एंकर बन जाइए। इसमें नेम–फेम तो है ही, साथ ही साथ आय भी अधिक है। एक और बात, शौकिया तौर पर इसे आप पार्ट टाइम भी कर सकते हैं। अगर आपको लगता है कि आपके अंदर क्षमता है, तो इवेंट एंकरिंग आपको जरूर करनी चाहिए। आज की तारीख़ में कई तरह के अवसर उपलब्ध हैं।

देश में भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा, लड़ते रहेंगे लड़ाई

राँची : देश में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा रहा है। आरपीआई आंबेडकर भ्रष्टाचार मुक्त भारत की लड़ाई शुरू से लड़ती रही है। यही कारण है कि आरपीआई आंबेडकर के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश राय झारखंड के सुदूर इलाकों में जाकर लोगों को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करने का काम करते हैं। राकेश राय बताते हैं भारत में भ्रष्टाचार चर्चा और आन्दोलनों का एक प्रमुख विषय रहा है। स्वतंत्रता के एक दशक बाद से ही भारत भ्रष्टाचार के दलदल में धंसा नजर आने लगा था और उस समय संसद में इस बात पर बहस भी होती थी। 21 दिसम्बर 1963 को भारत में भ्रष्टाचार के खात्मे पर संसद में हुई, बहस में डॉ राममनोहर लोहिया ने जो भाषण दिया था वह आज भी प्रासंगिक है। उस वक्त डॉ लोहिया ने कहा था सिंहासन और व्यापार के बीच संबंध भारत में जितना दूषित, भ्रष्ट और बेईमान हो गया है उतना दुनिया के इतिहास में कहीं नहीं हुआ है।

2005 में भारत में ट्रांसपिरेंसी इंटरनेशनल नामक एक संस्था द्वारा किये गये एक अध्ययन में पाया गया कि 62 प्रतिशत से अधिक भारतवासियों को सरकारी कार्यालयों में अपना काम करवाने के

लिये रिश्वत या ऊँचे दर्ज़े के प्रभाव का प्रयोग करना पड़ा। वर्ष 2008 में पेश की गयी इसी संस्था की रिपोर्ट ने बताया है कि भारत में लगभग 20 करोड़ की रिश्वत अलग–अलग लोकसेवकों को (जिसमें न्यायिक सेवा के लोग भी शामिल हैं) दी जाती है। उन्हीं का यह निष्कर्ष है कि भारत में पुलिस कर एकत्र करने वाले विभागों में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है। आज यह कटु सत्य है कि किसी भी शहर के नगर निगम में रिश्वत दिये बगैर कोई मकान बनाने की अनुमति नहीं मिलती। इसी प्रकार सामान्य व्यक्ति भी यह मानकर चलता है कि किसी भी सरकारी महकमे में पैसा दिये बगैर गाड़ी नहीं चलती। भ्रष्टाचार अर्थात भ्रष्ट + आचार। भ्रष्ट यानी बुरा या बिगड़ा हुआ तथा आचार का मतलब है आचरण। अर्थात भ्रष्टाचार का शाब्दिक अर्थ है वह आचरण जो किसी भी प्रकार से अनैतिक और अनुचित हो।

किसी को निर्णय लेने का अधिकार मिलता है तो वह एक या दूसरे पक्ष में निर्णय ले सकता है। यह उसका विवेकाधिकार है और एक सफल लोकतन्त्र का लक्षण भी है। परन्तु जब यह विवेकाधिकार वस्तुपरक न होकर दूसरे कारणों के आधार पर इस्तेमाल किया जाता है तब यह भ्रष्टाचार की श्रेणी में आ जाता है अथवा इसे करने वाला व्यक्ति भ्रष्ट कहलाता है। किसी निर्णय को जब कोई शासकीय अधिकारी धन पर अथवा अन्य किसी लालच के कारण करता है तो वह भ्रष्टाचार कहलाता है। भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में हाल ही के वर्षों में जागरुकता बहुत बढ़ी है। जिसके कारण भ्रष्टाचार विरोधी अधिनियम –1988, सिटीजन चार्टर, सूचना का अधिकार अधिनियम – 2005, कमीशन ऑफ इन्क्वायरी एक्ट आदि बनाने के लिये भारत सरकार बाध्य हुई है।

राकेश राय ने कहा मेरा जीवन का एक ही लक्ष्य है देश से भ्रष्टाचार को दूर करना। इसके लिए आरपीआई लड़ने को तैयार है। जन जागरूकता का कार्य चल रहा है।

नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में लोकतंत्र हुआ प्रभावित : अनिता यादव

रांची : राजद प्रदेश प्रवक्ता अनिता यादव झारखंड में सकारात्मक राजनीति करने के लिए विख्यात हैं। लोकतंत्र की रक्षा के लिए अनिता यादव ने कई जन आंदोलन भी किया। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान लोकतंत्र विषय पर अपनी विचारों को रखा। उन्होंने कहा लोकतंत्र यानि डेमोक्रेसी का अर्थ यह है कि जब भी कभी किसी राष्ट्र में सरकार का चयन होता है तो वह लोगों के द्वारा लोगों के लिए चुनी जाती है। किसी भी राष्ट्र में लोकतंत्र का गठन उसके संविधान के स्थापना के दौरान ही कर दी जाती है। लोकतंत्र को दुनियाभर में सबसे अच्छे शासन प्रणाली में शुमार है और इसी कारणवस लोकतान्त्रिक व्यवस्था आज अधिकतम देशों में लागू है। जब किसी भी देश में वहां के निवासी अर्थात जनता को वोट देने और अपने प्रत्याशी का सही चुनाव करने को मिल जाए तो ऐसे में उस देश में लोकतान्त्रिक व्यवस्था लागू हुई होती है।

आज सारे विश्व भी मे लोक तंत्र की अपनी अलग परिभाषा है इनमे सबसे सटीक और जटिल परिभाषा पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकलन द्वारा दी गयी लोकतंत्र की परिभाषा सबसे मान्य मालूम जान पड़ती है। लिंकलन के अनुसार जनता के द्वारा, जनता का शासन एवं जनता के लिए शासन ही प्रजातंत्र है। प्राचीन काल में शासन व्यवस्था काफी अधीन हुआ करती थी क्युंकि राजतंत्र होने के कारण जनता की भागीदारी ना बराबर थी और साथ ही साथ जनता को कोई भी अधिकार प्राप्त नहीं थे। समय ढलने के कारण जनता अपने हक़ के लिए आवेदना की और पूरे विश्वभर में शासन व्यवस्था लागू हुई। इस व्यवस्था में ताकत किसी एक आदमी के पास न होकर जनता के पास होती है। लोकतंत्र की नींव इस विश्वभर में बहुत पहले ही स्थापित हो गयी थी परंतु कई कारणों से इसकी हानि भी होती आ रही है। लोकतंत्र का जन्म भारतवर्ष में हुआ था जहाँ प्राचीन जनपद में राजा और जनता के बीच चुनाव हुआ था। इसके अलावा प्राचीन यूरोप के कुछ देशों में संसद के सदस्यों का चुनाव जनता द्वारा हुआ करता था परंतु इन नियमों से राजा

वंछित रहता था। आधुनिक काल में लोकतंत्र की पूर्ण स्थापना अमेरिका के किसी राज्य में हुई। लोकतंत्र प्राचीन काल से ही भारत एवं यूरोप जैसे कई देशों में विध्यमान है। पिछले दो हज़ार वर्षों से लोकतंत्र का इतिहास ऊँच नीच होते रहा है। जब नागरिकों ने अपनी सोच से समाज निर्माण की स्थापना की जिसके चलते अधिक मात्रा में लोगों को भागीदारी का मौका मिला। विश्व के सबसे प्राचीन शहरों में शुमार एथेंस एक यूरोपीय देश की राजधानी है जहाँ लोकतंत्र पिछले 3000 सालों से स्थापित है। ऐसे ही भारत उपमहाद्वीपों का सबसे प्राचीन और बड़ा देश होने के कारण लोकतंत्र व्यवस्था पिछले 2000 सालों से स्थापित है। कई विद्रोह और युद्ध के कारण ब्रिटिश सरकार ने इसकी इमारत गिरा दी परंतु 1947 में आज़ादी के बाद इसकी पुनः स्थापना की गई। आज भारत दुनिया का सबसे विशाल लोकतांत्रिक देश है जहाँ हित एक आदमी के हाथों में न होकर पूरी जनता के हाथों में है। हांलकि जब से देश मे नरेंद्र मोदी की सरकार आयी है लोकतंत्र के अनुशासन को भंग किया जा रहा है। बीजेपी की ओर से लोकतंत्र का हत्या करने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे समय मे जरूरत है आम जनता को मिलकर लड़ाई लड़ने की।

झार न्यूज मे विज्ञापन के लिए संपर्क करें :
7717748632



जो आँखें नहीं देख पाती, वो देख लेता है कैमरा

प्रणय प्रबोध, रांची

रांची : हमारे मन में कई बार यह सवाल आता है कि जब खुली आँखों से सबकुछ साफ–साफ दिख ही जाता है, तो फिर कैमरे की क्या जरूरत? हम खुली आँखों से देख तो सकते हैं, लेकिन सबकुछ देखना संभव नहीं। क्योंकि हमारी आँखें एक निश्चित दूरी के वस्तुओं को ही देख पाती है। इसके अलावा हम अपने पीछे की वस्तुओं को पूरा गर्दन घूमाकर नहीं देख सकते। अगर दृश्य को देख भी लें, तो बहुत अधिक दिन तक वो हमें याद नहीं रहता।

इस भाग दौड़ भरे जीवन से थोड़ा समय निकालकर लोग अपनों के साथ बिताना चाहते हैं। इस समय को लोग अपनी आँखों में कैद करना चाहते हैं। लेकिन यादों को ताजा करने के लिए बार–बार उस दृश्य को देखना भी जरूरी होता है। जो कि मनुष्य की आंखें नहीं कर पाती। यादों को ताजा करने और दूसरों को उस दृश्य को महसूस कराने के लिए तकनीक का सहारा लेना पड़ा। इसी सोच के साथ वैज्ञानिक जोहन जॉन ने सन् 1685 में कैमरे का आविष्कार किया।

कैमरे का आगमन

कैमरा सबसे पहले कैमरा ऑब्स्क्योरा के रूप में सामने आया। इसका आविष्कार ईराकी वैज्ञानिक इब्न–अल–हज़ेन ने सन् 1015 से 1021 के बीच किया। इसके बाद अंग्रेज वैज्ञानिक रॉबर्ट बॉयल और उनके सहायक रॉबर्ट हुक ने सन् 1660 के दशक में पोर्टेबल कैमरा विकसित किया। सन् 1685 में जोहन जॉन ने एक ऐसा कैमरा विकसित किया, जो सुबाह्य था और तस्वीरें खींचने के लिए व्यवहारिक थी।

पत्रकारिता के क्षेत्र में कैमरे की भूमिका

पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। पत्रकारिता और कैमरे को सहयात्री कहा जा सकता है। क्योंकि वर्तमान समय में कैमरे के बिना पत्रकारिता संभव नहीं। हम अपनी आँखों से जो देखते हैं, उसे दूसरों को दिखा पाना संभव नहीं, या यूँ कहें कि जिस दृश्य को हमने जिस रूप में देखा, उस दृश्य की व्याख्या कोई और किसी दूसरे रूप में भी कर सकता है। लेकिन छवि का निर्माण होगा, तभी तो लोग दृश्य की व्याख्या कर पाएंगे। खबरनवीस जबतक खबरों को लिखेंगे, उससे पहले कोई और उसकी व्याख्या कर चुका होगा। इसके अलावा सभी सारगर्भित बातें उस खबर में हो, यह भी जरूरी नहीं। लेकिन छायाकार ने जो छवि कैमरे के जरिए उतारी है, वह समाचार निर्माण में सहायक होगी।

एक छायाचित्र 1000 शब्दों के निर्माण में सहायक

ऐसा माना जाता है कि एक छायाचित्र की क्षमता 1000 शब्दों के बराबर है। क्योंकि कलमकार जो कुछ अपनी कलम से नहीं लिख पाते, वो एक छायाचित्र के जरिए प्रस्तुत कर सकते हैं। जहां एक ओर तस्वीर खींचने के लिए तकनीकी कौशल का होना जरूरी है। वहीं दूसरी ओर फ्रेम बनाने के लिए छायाकार का कलात्मक होना भी जरूरी है। क्योंकि तस्वीरें बहुत कुछ कहती हैं और तस्वीरों से ही तथ्यों का जुड़ाव है।

जो हम देख न पाते खुली आँखों से,
उस छवि को यह दिखलाता है।
वर्तमान को खुद में समेट कर,
इतिहास का हिस्सा बनाता है।।

तीसरी आँख और 360 डिग्री वाला गर्दन

हम अपने गर्दन को महज 180 डिग्री तक घुमा सकते हैं। हमारी आँखें भी उसी ऐंगल में देख पाती हैं, जिस ऐंगल में गर्दन घुमता है। लेकिन कैमरे की नजरें वहाँ तक जाती हैं, जहाँ तक उसके लेंस की क्षमता हो। हम जिन चीजों को खुली आँखों से नहीं देख पाते, उन्हें यह कैमरा अपनी लेंस की मदद से देख लेता है। हम जिस ओर अपनी गर्दन नहीं घुमा पाते, उस ओर मुड़कर यह छायाचित्र बटोर लेता है।

यादों के पिटारे का साथी है कैमरा



हम अपने व्यक्तिगत जीवन में जो कुछ भी करते हैं, उन्हें संजोना चाहते हैं। चाहे वह शब्दों के रूप में हो, यादों के रूप में या फिर छवि के रूप में। वर्तमान समय में सबसे सुलभ साधन के रूप में हमारे हाँथ में मोबाइल फोन है। जिसमें एक से एक बेहतरीन फीचर के साथ कैमरे हैं। इन कैमरों का हम अपने जीवन में सबसे अधिक उपयोग कर रहे हैं। चाहे वह कोई भी मोमेंट क्यों ना हो, हम तस्वीरें लेना नहीं भूलते, क्योंकि हम उन्हें अपनी यादों के पिटारे का साथी बनाना चाहते हैं। जिसमें कैमरा सबसे अधिक मददगार साबित हो रहा है।

कैमरे की नजर

पत्रकारों का सहयात्री कहा जाने वाले कैमरे को तीसरी नजर की संज्ञा दी गयी है। क्योंकि यह लोकतंत्र के तीनों स्तंभों पर नजर रखता है। लोकतंत्र के तीन स्तंभ न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका हैं। जिनपर कैमरा पैनी नजर बनाए रखता है और छवि के जरिए सच्चाई को जनमानस के सामने प्रदर्शित करता है। कैमरे के सहयोग से कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनके खुलासे से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खलबली मच गयी है। कैमरे की मदद से ही हम देश के अंदर चल रही गतिविधियों के बारे में जान पाते हैं, इसके अलावा विश्व स्तर पर क्या कुछ घटित हो रहा है, इसकी जानकारी भी हमें छवि या चलचित्र के जरिए मिलती है। जिसमें कैमरे का सबसे बड़ा योगदान है। इस कैमरे ने न जानें कितने ऐसे राज खोले हैं, जिससे सियासत गर्म हुआ है और सल्तनत ढह गया है।

कैमरा और करियर

हम अक्सर कुछ क्रिएटिव करने का सोचते हैं, किसी ऐसे प्रोफेशन को चुनना पसंद करते हैं, जो हमारा पैसन भी हो। फोटोग्राफी उनमें से एक है। जिसे लगभग सभी लोग पसंद करते हैं, लेकिन पैसन के रूप में अपनाने वाले लोग जबतक स्कील्ड नहीं बनेंगे, तबतक इसे प्रोफेशन बनाना मुश्किल है। वर्तमान समय में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की मांग बहुत अधिक बढ़ गयी है। चाहे वह विज्ञापन के क्षेत्र में हो या फिर फैशन फोटोग्राफी शूट, चाहे वह ऑफिसियल ऑकेजन हो या फिर घर में ब्याह, हर जगह कैमरापर्सन का डिमांड है। इसके अलावा पत्रकारिता के क्षेत्र में कैमरापर्सन्स का डिमांड सबसे अधिक है। लेकिन जितने स्किल्ड लोगों की मांग मार्केट में हैं, उनमें से महज दस प्रतिशत लोग ही स्किल्ड मिल पा रहे हैं। जो स्किल्ड हैं, उनका मार्केट में डिमांड भी अधिक है।

आसान नहीं था कैमरे का सफर

कैमरा आज के दौर में छोटा–सा उपकरण बन गया है। लेकिन इतिहास के पन्नों को पलटकर देखें, तो कैमरे का सफर इतना भी आसान नहीं लगेगा, जितना की आज हम उसे पॉकेट में लेकर चलते हैं। 'एग्फा' शुरुआती दौर का कैमरा माना जाता है, जो कि बक्से के आकार का और काफी बड़ा था। जिसका उपयोग बंद कमरे में ही किया जा सकता था। उस समय रंगीन छवि नहीं निकाली जा सकती थी, बल्कि उस जमान के प्रिंटिंग तकनीक का प्रयोग कर ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें निकाली जाती थी। फिर आया 'पोलरायर लैण्ड कैमरा', जिसका प्रयोग प्रकाश वाले स्थान में भी किया जा सकता था और छवि बिल्कुल साफ उतरकर आती थी। इसके बाद शुरुआत हुई मॉर्डन कैमरों की। जिसमें सबसे पहले याशिका 35 मिमी एसएलआर आया। अब डीएसएलआर, एचडी सहित कई अत्याधुनिक कैमरे बाजार में उपलब्ध हैं।

युवा अगर चाह ले, तो असंभव को भी संभव कर सकता है : गौरीशंकर यादव

विशाल भारद्वाज, रांची

रांची : राजद खटाल प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष गौरीशंकर यादव झारखंड में युवाओं के लिए मिशाल बन चुके हैं। आज हर एक युवा उनसे जुड़ने के लिए लालायित है। गौरीशंकर यादव झारखंड के कई क्षेत्रों में जाकर युवाओं को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रहे हैं। गौरीशंकर यादव कहते हैं कि सब जानते हैं कि भारत एक प्रजातांत्रिक देश है। आज भारत में दूसरे देशों से सबसे ज्यादा युवा बसते हैं। युवा वर्ग वह वर्ग होता है जिसमें 14 वर्ष से लेकर 40 वर्ष तक के लोग शामिल होते हैं। आज भारत देश में इस आयु के लोग सबसे बड़ी संख्या में मौजूद है। यह एक ऐसा वर्ग है जो शारीरिक एवं मानसिक रूप से सबसे ज्यादा ताकतवर है। जो देश और अपने परिवार के विकास के लिए हर संभव प्रयत्न करते हैं। आज भारत देश में 75: युवा पढ़ना लिखना जानता है।आज भारत ने अन्य देशों की तुलना में अच्छी खासी प्रगति की है। इसमें सबसे बड़ा योगदान शिक्षा का है। आज भारत का हर युवा अच्छी से अच्छी शिक्षा पा रहा है। इसी कारण मैं युवाओं के लिए कार्य कर रहा हूँ।

आज उन्हें पर्याप्त रोजगार के अवसर मिल रहे हैं परंतु दुख की बात यह है कि आज का युवा भले ही कितना ही पढ़ लिख गया हो परंतु अपने संस्कार व देश और परिवार के प्रति जिम्मेदारियों को दिन–प्रतिदिन भूलता ही जा रहा है। आज भारत का युवा वर्ग ऊंचाईयों को छूना चाहता है परंतु वह यह भूलता जा रहा है कि उन ऊंचाईयों को छूने के लिए वह स्वयं अपने जड़ें खुद काट रहा है। भारत का युवा वर्ग तैयार है एक नई युवा क्रांति के लिए। लेकिन अफसोस की बात है कि कुछ इस युवा वर्ग को रोक रही हैं। भारत का युवा वर्ग भारत में अपना योगदान देने की बजाय विदेशों में जाकर बस जाता है।

भारत की राजनीति में आज वृद्ध लोगों का

ही बोलबाला है और चंद गिने–चुने युवा ही राजनीति में है। इसका एक कारण यह है कि भारत में राजनीति का माहौल दिन–ब–दिन बिगड़ रहा है और सच्चे राजनीतिक लोगों की जगह सत्तालोलुप और धन के लालची लोगो ने ले ली है।

राजनीति में देश प्रेम की भावना की जगह परिवारवाद, जातिवाद और संप्रदाय ने ले ली है। आए दिन जिस तरह से नेताओं के भ्रष्टाचार के किस्से बाहर आ रहे है देश के युवा वर्ग में राजनीति के प्रति उदासीनता बढ़ती जा रही है।

अब भारत की राजनीति में सुभाषचन्द्र बोस, शहीद भगतसिंह, चंद्रशेखर आजाद, लोकमान्य तिलक जैसे युवा नेता आज नहीं है। जो अपने होश और जोश से युवा वर्ग के मन में एक नई क्रांति का संचार कर सके। लेकिन अफसोस आजादी के बाद नसीब में है यह बूढ़े नेता जो खुद की हिफाजत ठीक से नहीं कर सकते तो युवा को क्या देशभक्ति या क्रांति की बातें सिखाएंगे?

यही वजह है कि भारत के युवा अब इस देश को अपना न समझकर दूसरे देशो में अपना आशियाना खोज रहे हैं। वे यहां की राजनीतिक सत्ता और फैले हुए भ्रष्टाचार से दूर होना चाहते हैं। इसलिए वे कोई भी ठोस कदम उठाने से पहले कई–कई बार सोचते हैं। यहां तक कि भारत में वोट डालने वाले युवा को अपने चुने हुए उम्मीदवार पर तक भरोसा नहीं होता है। राजद सकारात्मक राजनीति करती है। राजद के राह पर चलकर ही देश के युवा हर क्षेत्र में विकास कर सकते हैं।

नारी शक्ति के बिना इस संसार में मनुष्य कुछ भी नहीं कर सकता : शोभा यादव

विशाल भारद्वाज, रांची

रांची : बीजेपी नेत्री व राष्ट्रीय यादव सेना की कार्यकारी अध्यक्ष शोभा यादव समाज उत्थान को लेकर लगातार कार्य कर रही हैं। महिलाओं को सशक्त करना उनके जीवन का लक्ष्य है। वह बताती हैं कि हमारे समाज में महिला अपने जन्म से लेकर मृत्यु तक एक अहम किरदार निभाती है। अपनी सभी भूमिकाओं में निपुणता दर्शाने के बावजूद आज के आधुनिक युग में महिला पुरुष से पीछे खड़ी दिखाई देती है। पुरुष प्रधान समाज में महिला की योग्यता को आदमी से कम देखा जाता है। सरकार द्वारा जागरूकता फ़ैलाने वाले कई कार्यक्रम चलाने के बावजूद महिला की जिंदगी पुरुष की जिंदगी के मुक़ाबले काफी जटिल हो गयी है। महिला को अपनी जिंदगी का ख्याल तो रखना ही पड़ता है साथ में पूरे परिवार का ध्यान भी रखना पड़ता है। वह पूरी जिंदगी बेटी, बहन, पत्नी, माँ, सास, और दादी जैसे रिश्तों को ईमानदारी से निभाती है। इन सभी रिश्तों को निभाने के बाद भी वह पूरी शक्ति से नौकरी करती है ताकि अपना, परिवार का, और देश का भविष्य उज्जवल बना सके। अगर हम महिलाओं की आज की अवस्था को पौराणिक समाज की स्थिति से तुलना करे तो यह तो साफ़ दिखता है की हालात में कुछ तो सुधार हुआ है। महिलाएं नौकरी करने लगी है। घर के खर्चों में योगदान देने लगी है। कई क्षेत्रों में तो महिला पुरुषों से आगे निकल गई है। दिन प्रतिदिन लड़कियां ऐसे ऐसे कीर्तिमान बना रही है जिस पर न सिर्फ परिवार या समाज को बल्कि पूरा देश गर्व महसूस कर रहा है।

महिलाओं के उत्थान में भारत सरकार भी पीछे नहीं है। बीते कुछ सालों में सरकार द्वारा अनगिनत योजनाएँ चलाई गयी है जो महिलाओं को सामाजिक बेड़ियाँ तोड़ने में मदद कर रही है तथा साथ ही साथ उन्हें आगे बढ़ने में प्रेरित कर रही है। सरकार ने पुराने वक्त के प्रचलनों को बंद करने के साथ साथ उन पर क़ानूनन रोक

